Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:10 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:00 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 92 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 28 सितम्बर 2026



आलिया-विक्की कौशल ने लूटी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### उत्तरकाशी रेस्क्यू: बर्फीली चोटियों पर फंसे लोगों तक पहुंच रही मदद

**देहरादून।** उत्तरकाशी के उच्च हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी के कारण फंसे ट्रैकर्स और पोर्टर्स की सुरक्षित वापसी के लिए राहत एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध में सचिव, आपदा प्रबंधन से दूरभाष पर बातचीत कर अभियान की जानकारी ली। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति और अब तक की गई कार्रवाई के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ट्रैकिंग और पर्वतारोहण के लिए गए सभी ट्रैकर्स और पोर्टर्स की सुरक्षित वापसी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान में उपलब्ध सभी जरूरी संसाधनों का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जाए, ताकि प्रभावित लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके।

### कोसी हाईवे के पास फटी पेयजल लाइन, कई मोहल्लों में लोग परेशान

**अल्मोड़ा।** मटेला से सर्किट हाउस जलाशय को पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइप लाइन कोसी हाईवे में पेट्रोल पंप के नजदीक अचानक फट गई। इस वजह से नगर के मुख्य बाजार समेत कई मोहल्लों में जलापूर्ति ठप रही, जिससे लोग परेशान रहे। सर्किट हाउस जलाशय के लिए जलापूर्ति करने वाली पाइप लाइन पानी के अत्यधिक दबाव के चलते रविवार की सुबह करीब 9-30 बजे कोसी हाईवे में पेट्रोल पंप के नजदीक फट गई। इससे सर्किट हाउस जलाशय की पंपिंग ठप रही। पेयजल लाइन फटने से सर्किट हाउस जलाशय से जुड़े मुख्य बाजार, जोशी खोला, खत्याड़ी आदि क्षेत्रों में सुबह पेयजल वितरण नहीं हो सका। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। छुट्टी का दिन होने की वजह से लोगों ने घरों में कपड़े धोने और अन्य घरेलू कार्यों की योजना बनाई थी, लेकिन पानी न मिलने से गृहणियों और आम जनता की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित रही।

## हनुमान अंश' का दिखा असर, कैंची धाम पहुंच रहे हजारों भक्त

**नैनीताल**
अफ़ज़ल हुसैन फौजी

बाबा नीम करौली महाराज पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के बाद कैंची धाम के प्रति श्रद्धालुओं और पर्यटकों की रुचि बढ़ती नजर आ रही है। फिल्म देखने के बाद देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीम करौली महाराज के दर्शन कर रहे हैं। इसके साथ ही नैनीताल, भीमताल और आसपास के पर्यटन स्थलों में भी पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने की बात पर्यटन कारोबार से जुड़े लोग कह रहे हैं। ग्वालियर से नैनीताल पहुंचे पर्यटक



आर्यन ने बताया कि उन्होंने 'हनुमान अंश' फिल्म देखने के बाद नैनीताल आने का प्लान बनाया। फिल्म देखने के बाद उन्हें कैंची धाम जाकर बाबा के दर्शन करने की इच्छा हुई। उन्होंने कहा कि फिल्म में दिखाई गई घटनाओं ने उन्हें काफी प्रभावित किया और कैंची धाम पहुंचकर बाबा के दर्शन करना जरूरी लगा। उन्होंने फिल्म का अगला भाग बनाए जाने की इच्छा जताते हुए कहा कि इससे बाबा नीम करौली महाराज से जुड़े अन्य प्रसंगों और घटनाओं को जानने का अवसर मिलेगा। आर्यन ने बताया कि उन्होंने कैंची धाम के साथ भीमताल और नैनीताल स्थित मां नयना देवी मंदिर के भी दर्शन किए। नाव चालक वीरेंद्र पवार ने बताया कि फिल्म के बाद बाबा नीम करौली महाराज के प्रति लोगों की श्रद्धा और रुचि बढ़ी है। कैंची धाम पहुंचने वाले कई पर्यटक इसके बाद नैनीताल का रुख कर रहे हैं। इससे पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों को भी लाभ मिल रहा है। होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि 'हनुमान अंश' के रिलीज होने से कैंची धाम पर्यटन को अच्छा बूस्ट मिला है। देश के अलग-अलग हिस्सों से बाबा के भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और इसका सकारात्मक प्रभाव स्थानीय पर्यटन कारोबार पर भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने सरकार से धार्मिक फिल्मों को टैक्स फ्री करने पर विचार करने की मांग की, ताकि ऐसी फिल्मों को अधिक दर्शकों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के प्रमुख धार्मिक धामों और उनसे जुड़ी मान्यताओं पर सरकार को डॉक्यूमेंट्री तैयार करनी चाहिए। उन्होंने नैनीताल के मां नयना देवी मंदिर पर भी डॉक्यूमेंट्री बनाए जाने की आवश्यकता बताई। साथ ही दिसंबर में पर्यटन कारोबार को बढ़ावा देने के लिए पिछले वर्ष की तर्ज पर इस वर्ष भी नैनीताल विंटर कार्निवल को पर्यटन कैलेंडर में शामिल करने की मांग की।

सीएम मान ने दिए ये आदेश, डीजीपी आज संभालेंगे मोर्चा

# एलपीयू में बेकाबू बवाल इंटरनेट बंद, 10 दिन छुट्टी

**नई दिल्ली**
एजेंसी

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में शनिवार देर रात दुष्कर्म की एक खबर के बाद हंगामा हो गया। छात्र कैंपस से बाहर निकलकर सड़क पर आ गए और जालंधर-फगवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। इसके बाद रविवार रात तक तोड़फोड़ और आगजनी का भयावह दौर चला।



विशाल कुमार नाम के एक छात्र ने एजेंसी को बताया कि छात्र विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। लेकिन रात को बाहर से बड़ी संख्या में लोग मास्क पहनकर आए और स्थिति हिंसक हो गई। कैंपस में तोड़-फोड़ हुई। वे एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में जाकर सब कुछ तोड़-फोड़ रहे थे। वे छात्र नहीं थे। रात में बहुत हिंसा हुई। फिर हमें यूनिवर्सिटी से 10 दिन की छुट्टी का मैसेज मिला। अब सब घर जा रहे हैं। सुरक्षा एक चिंता का विषय है। कल रात के मंजर बहुत डरावने थे। छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर 27वीं बटालियन की कमांडेंट गुरमीत कौर ने बताया कि पांच युवकों को पकड़ा गया है। उनके पास से एक %दातर% और एक वॉकी-टॉकी सेट बरामद किया गया है। अब उनसे पूछताछ की जाएगी। पुलिस छात्रों को समझाकर प्रदर्शन खत्म कराने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान छात्रों की ओर से बोतलें फेंके जाने की जानकारी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया। मौके पर मौजूद छात्रों का आरोप है कि पुलिस ने लड़के-लड़कियों दोनों पर लाठियां बरसाईं। पुलिस कार्रवाई के बाद छात्र और उग्र हो गए और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ हुई। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने भीड़ को पीछे हटाने का प्रयास किया। शनिवार देर रात शुरू हुए हंगामे के बाद रविवार देर रात पुलिस के लाठीचार्ज के बाद हालात तेजी से बिगड़े।

छात्रों ने पुलिस पर पथराव किया और पुलिस की गाड़ियों को निशाना बनाकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। जालंधर रेंज के डीआईजी नवीन सिंगला और एसएसपी की गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त कर दी गईं। कई अन्य पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ हुई और कई वाहनों में आग लगाए जाने की सूचना है। तनाव को देखते हुए 5 हजार से ज्यादा पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं।

## मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग: पटना में जन आक्रोश मार्च के दौरान हंगामा

**नई दिल्ली**
एजेंसी

पटना में वामदलों और विभिन्न जनसंगठनों के कार्यकर्ताओं ने राजभवन मार्च निकाला। जेपी गोलंबर पर पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की, लेकिन कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्कामुक्की हुई। प्रदर्शनकारी मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे समेत कई मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

राजधानी पटना में सोमवार को भाकपा माले, एआईवाईएफ, एआईएसएफ, एआईएसए समेत विभिन्न जनसंगठनों के कार्यकर्ताओं ने जन आक्रोश मार्च निकाला। गांधी मैदान के गेट नंबर-10 से शुरू हुआ यह मार्च राजभवन की ओर बढ़ रहा था। प्रदर्शनकारी मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने यूसीसी बिल के विरोध में भी नारेबाजी की। इसके साथ ही टाउनशिप के नाम पर किसानों की जमीन लेने का मुद्दा भी उठाया गया। मार्च के दौरान प्रदर्शनकारी केंद्र और बिहार सरकार के खिलाफ भी नारेबाजी करते नजर आए। जेपी गोलंबर के पास पटना पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग की थी। इस दौरान भाकपा माले के कुछ कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। देखते ही देखते कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और डाकबंगला चौराहे की ओर बढ़ने लगे। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ धक्कामुक्की भी हुई। कुछ देर के लिए मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ भी नारेबाजी कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सरकार उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है।




## सुप्रीम कोर्ट का फैसला, ममता और ऋतब्रत के गुटों को चार हफ्ते की मोहलत

**नई दिल्ली**
एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस के नाम और जोड़ा घास फूल चुनाव चिह्न को लेकर दो गुटों के बीच चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को समयसीमा के भीतर फैसला करने का निर्देश दिया है। अदालत ने दोनों पक्षों को चार सप्ताह में चुनाव आयोग के समक्ष अपनी दलीलें और दस्तावेज पूरे करने को कहा है। इसके बाद आयोग को तीन महीने के भीतर विवाद का फैसला करना होगा।

तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिह्न जोड़ा घास फूल चुनाव चिह्न को लेकर पार्टी के दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग को फैसला करने के लिए समय सीमा तय कर दी। शीर्ष अदालत ने दोनों गुटों को चुनाव आयोग के समक्ष अपनी दलीलें और दस्तावेज चार सप्ताह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद चुनाव आयोग तीन महीने के भीतर विवाद पर फैसला करे। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया, जिसमें उन्होंने चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसके तहत तृणमूल कांग्रेस के मूल नाम और उसके आरक्षित चुनाव चिह्न को फिलहाल इस्तेमाल करने पर रोक लगाई गई है।

## बिंदुखत्ता राजस्व गांव मांग, 4 अक्टूबर तक का अल्टीमेटम

**लालकुआं**
हमारे संवाददाता

बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा देने की मांग को लेकर रविवार को हजारों ग्रामीणों ने भारी बारिश के बीच विशाल रैली निकाली। वन अधिकार संगठन के नेतृत्व में जड़ सेक्टर स्कूल से लालकुआं तहसील तक निकली रैली में ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की।

रैली से पहले जनता इंटर कॉलेज पर जनसभा हुई। वन अधिकार संगठन के अध्यक्ष उमेश भट्ट ने कहा कि राजस्व गांव से संबंधित आवश्यक प्रक्रिया और दस्तावेज पूरे किए जा चुके हैं। ग्रामीण अब किसी आश्वासन के बजाय राजस्व गांव की अभिसूचना चाहते हैं। आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। उन्होंने सरकार की ओर से कुछ और समय देने का आग्रह करते हुए कहा कि बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने के लिए सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं।



वार्ता के बाद वन अधिकार संगठन ने आंदोलनकारियों से रायशुमारी की और 4 अक्टूबर तक आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि इस अवधि में अभिसूचना जारी नहीं हुई तो 5 अक्टूबर से लालकुआं तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया जाएगा।

आंदोलन में मुख्य रूप से वन अधिकार संगठन के सचिव भवन भट्ट पर अधिकार समिति अध्यक्ष अर्जुन नाथ गोस्वामी वन अधिकार संगठन के नेता भरत नेगी, दीपक जोशी, कैप्टन कैलाश सिंह दानू, पूर्व मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरेंद्र बोरा, संध्या डालाकोटी आदि लोग उपस्थित रहे।

मंत्री राम सिंह कैड़ा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मुख्य सचिव से दूरभाष पर वार्ता भी की। इस दौरान एडीएम विवेक राय, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी सहित संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रो.जोशी को रिटायर पर दी शिक्षा संकाय में भावपूर्ण विदाई समारोह

नैनीताल
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के शिक्षा संकाय के अंतर्गत संचालित इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) द्वारा शिक्षा जगत के वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी के सेवानिवृत होने के अवसर पर भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा संकाय एवं आईटीईपी के शिक्षकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने प्रो. जोशी के दीर्घ एवं गौरवपूर्ण शैक्षणिक तथा प्रशासनिक जीवन को स्मरण करते हुए उनके योगदान के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।



कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि वाणिज्य विषय के वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रो. जोशी ने अपने लंबे शैक्षणिक जीवन में विश्वविद्यालय की कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ कुशलतापूर्वक निभाई। उन्होंने वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष और संकायाध्यक्ष के रूप में कार्य किया जबकि वर्ष 2020 से वे शिक्षा संकाय के संरक्षक एवं संकायाध्यक्ष के पद पर कार्यरत रहे और शिक्षा के क्षेत्र में अनेक पहलों को दिशा व प्रशासनिक सहयोग प्रदान करते रहे।

समारोह में विशेष रूप से चर्चा हुई कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय में चार वर्षीय आईटीईपी कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप हुई थी जो विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विकास की एक बड़ी कामयाबी रही। देश के चुनिंदा उच्च शिक्षण संस्थानों में कुमाऊँ विश्वविद्यालय को भी यह कार्यक्रम संचालित करने का अवसर मिला लेकिन शुरुआती दौर में पाठ्यक्रम, कक्षाओं व प्रशासनिक व्यवस्थाओं और विभिन्न स्तरों पर समन्वय जैसी अनेक चुनौतियाँ सामने आई। शिक्षा विभाग परिवार के अनुसार इस चुनौतीपूर्ण दौर में प्रो. जोशी ने निरंतर मार्गदर्शन, संरक्षण एवं प्रशासनिक सहयोग देकर कार्यक्रम को धीरे.धीरे स्थायित्व दिलाया। उन्होंने आईटीईपी को केवल एक नए कार्यक्रम के रूप में नहीं बल्कि भविष्य के दक्ष एवं संवेदनशील शिक्षक तैयार करने की सशक्त व्यवस्था के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।समारोह में आईटीईपी परिवार की ओर से प्रो. जोशी को शॉल, पुष्पगुच्छ, देवभूमि उत्तराखंड की पारंपरिक टोपी, माला और स्मृति.चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्रो. जोशी ने विश्वविद्यालय, सहकर्मियों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की असली शक्ति उसके शिक्षकए विद्यार्थी और सामूहिक भावना में निहित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, समय के सदुपयोग व कर्तव्यनिष्ठा और संस्थान की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया।

समारोह में विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक उप्रेती, डॉ. पुष्पा अधिकारी, डॉ.तेज प्रकाश जोशी, डॉ. वर्षा पंत, डॉ. आकांक्षा शैली, डॉ. सरोज शर्मा, डॉ. विनीता विश्वकर्मा, डॉ. लक्ष्मण सिंह, डॉ. हेमा मेहरा, डॉ. दीपिका भट्ट, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, डॉ. शाहिद हुसैन, डॉ. ललिता जोशी, डॉ. सुरभि बिष्ट, डॉ. विशाल बिष्ट, डॉ. विनोद जोशी, डॉ. मिराज तथा श्री मठपाल समेत हरीश, सुमन, अनुभा, आयुष्मान, अनुरुत, हिमांशी व प्रतिभा आदि ने समारोह में सहभागिता की।

## एसएसजे परिसर में वादों की कसौटी पर आज परखे जाएंगे छात्रसंघ के दावेदार

**अल्मोड़ा।** किस प्रत्याशी की आवाज में छात्र-छात्राओं के मुद्दों की आवाज गूंजेगी और किसके वादे मतदाताओं को लुभाने में सफल रहते हैं। इसका फैसला एसएसजे परिसर में सोमवार को होने वाली छात्रसंघ प्रत्याशियों की की आमसभा में स्पष्ट होगा। आम सभा के मंच पर प्रत्याशी अपने मुद्दे और एजेंडे के साथ विद्यार्थियों को साधने की कोशिश करेंगे। भाषणों के जरिये जहां वे अपने पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास करेंगे, वहीं विरोधी प्रत्याशियों के मुकाबले अपनी दावेदारी को मजबूत तरीके से पेश करेंगे।

एसएसजे परिसर में 29 सितंबर को होने वाले छात्रसंघ के अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के अमित बिष्ट और एबीवीपी के रोहित सिंह कुमल्टा के बीच सीधा मुकाबला है। अध्यक्ष पद के अलावा उपाध्यक्ष, छात्रा उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, सांस्कृतिक सचिव और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि समेत विभिन्न पदों के प्रत्याशी भी आमसभा में अपने मुद्दे रखेंगे।



## विश्व पर्यटन दिवस पर मुक्तेश्वर में चला विशेष स्वच्छता अभियान

नैनीताल
हमारे संवाददाता

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर रविवार को पर्यटन विभाग नैनीताल द्वारा पर्यटन स्थल मुक्तेश्वर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्थानीय होटल व्यवसायियों, होम स्टे संचालकों, टूर ऑपरेटरों एवं गाइडों के साथ संयुक्त अभियान चलाकर चौली की जाली व महादेव मंदिर पर्यटन स्थलों में सफाई की गई।

बता दें जिला प्रशासन नैनीताल के मार्गदर्शन में यह अभियान सेवा, सुशासन एवं समर्पण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित किया गया।इस अभियान में मुक्तेश्वर होटल एसोसिएशन के सुदर्शन सिंह साही व सचिव विक्रम सिंह बिष्ट, मक्तेश्वर होम.स्टे एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र उनियाल के अलावा स्थानीय होटल व्यवसायी सुभाष जीए होटल सुकामा के प्रतिनिधि, स्थानीय टूर ऑपरेटर, गाइड व होम.स्टे स्वामियों ने प्रतिभाग किया। पर्यटन विभाग की ओर से जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति चन्द्र आर्य के नेतृत्व में चन्दन सिंह बिष्ट, प्रताप सिंह मनराल, मो. गफ्फार, दयाकिशन, पंकज हर्बोला, मो. नसीम, विनीत एवं होम.स्टे व्यवसायी दीपक सिंह मर्तोलिया आदि उपस्थित रहे। अभियान के उपरांत होटल सुकामा में एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया।

## नायक सूबेदार पृथ्वी पाल सिंह रावत का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

अल्मोड़ा
हमारे संवाददाता

ग्राम पंचायत कुन्स्यारी निवासी नायक सूबेदार पृथ्वी पाल सिंह रावत का रविवार को सिलोर महादेव श्मशान घाट पर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शनिवार देर रात करीब दो बजे पोस्टमार्टम के बाद उनका पार्थिव शरीर नैनीताल से पैतृक गांव कुन्स्यारी पहुंचा।

रविवार सुबह करीब 8:30 बजे गमगीन माहौल में अंतिम यात्रा सिलोर महादेव श्मशान घाट के लिए रवाना हुई। वृद्ध माता लक्ष्मी देवी, पत्नी गंगा देवी, पुत्र ओम और पुत्री प्रियांशी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। अंतिम यात्रा में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

13 कुमाऊं रेजीमेंट रानीखेत से सूबेदार अमित कुमार के नेतृत्व में पहुंची 16 सदस्यीय सैन्य टुकड़ी ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी दी और पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी।

इस दौरान ग्राम प्रधान किशन सिंह कुवार्बी, पूर्व प्रधान सुंदर सिंह कुवार्बी, चमीनी के ग्राम प्रधान वीरेंद्र सिंह मेहरा, सेवानिवृत्त सूबेदार पान सिंह कुवार्बी, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के सूबेदार बहादुर सिंह, सूबेदार उमेश चंद्र पांडेय समेत क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। चमीनी, कुन्स्यारी, खलना, बसकना, पौनली और तिपौला समेत आसपास के गांवों से पहुंचे लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।



## NEWS / फटाफट

### समाज के हर वर्ग के कल्याण हेतु सरकार ने बनायी योजनाएंःडा.आर्य



**नैनीताल ।** भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ भुवन चंद्र आर्य ने रविवार को नैनीताल विधानसभा के तहत भीमताल विकास खंड के बजून गांव में पार्टी कार्यकर्ताओं व अन्य ग्रामीणों की संयुकत बैठक ली। बैठक में उन्होंने प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से समाज के हर वर्ग के उत्थान हेतु विभिन्न योजनाएं बनायी गयी हैं जिनका उन्हें लाभ उठाना चाहिए। कहा कि बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोडने के लिए भी कई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनायी गयी हैं और बैंकों के माध्यम से उन योजनाओं को चलाने के लिए अनुदान भी दिया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद उनके समाधान का संबंधित अफसरों से वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर मनोज पाण्डे, गोधन सिह,पद्म सिंह मेहरा,राहुल बिष्ट, अभिषेक रौतेला, राहुल कनवाल, रजत सिंह, घना नंद, लक्ष्मण सिंह, मनोज तथा मोहन कनवाल आदि उपस्थित रहे।

### धरा को हरा-भरा रखने हेतु प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल ।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को 803वे दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 803वें दिन डीडीहाट के जौरासी दुर्लेख में उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता चंचल सिंह के नेतृत्व में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। चंचल सिंह ने कहा कि सभी को पौधारोपण अभियान से जुड़ना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता दीप चंद्र जोशी ने कहा कि पौधारोपण करना ही प्रकृति की सच्ची सेवा है। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

## कुमाऊँ विवि छात्र महासंघ चुनाव की अधिसूचना जारी

नैनीताल
हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल स्थित अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा रविवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु छात्र महासंघ चुनाव की आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। कुमाऊं विश्वविद्यालय छात्र महासंघ के चुनाव 1 अक्टूबर (बीरवार) को महिला अध्ययन केन्द्र हरमिटेज भवन नैनीताल में संपन्न होंगे।

चुनाव अधिकारी प्रो. मनोज कुमार आर्य ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत की मौजूदगी में चुनाव अधिसूचना जारी की। विश्वविद्यालय छात्र संघ संविधान एवं लिंगदोह समिति की सिफारिशों के प्रावधानों के अनुरूप होने वाले इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष (छात्रा), सचिव तथा संयुक सचिव एवं कोषाध्यक्ष सहित कुल 6 पदों के लिए निर्वाचन होगा। विश्वविद्यालय परिसरों एवं संबद्ध महाविद्यालयों से निर्वाचित विश्वविद्यालय प्रतिनिधि ही चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल के सदस्य एवं प्रत्याशी के रूप में भाग ले सकेंगे। चुनाव प्रक्रिया में लिंगदोह समिति के नियमों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। प्रत्याशी को चुनाव लड़ने का केवल एक अवसर प्राप्त होगा तथा ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने पूर्व में किसी भी पदाधिकारी पद के लिए चुनाव लड़ा है इस चुनाव के लिए अर्ह नहीं होंगे। इसके सत्यापन के लिए संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा जारी प्रमाण.पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रत्याशियों को 100 रुपये के नॉन.ज्यूडिशियल स्टांप पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ.पत्र संविधान के परिशिष्ट-2 के साथ प्रस्तुत करना होगा। नामांकन शुल्क तथा जमानत राशि क्रमशः1200-1200 रुपये निर्धारित की गई है।चुनाव संबंधी सभी गतिविधियां 1 अक्टूबर (बीरवार) को एक ही दिन में संपन्न होंगी जिसके तहत नामांकन पत्रों की बिक्री प्रातः 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक होगी। नामांकन प्रातः 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक, नामांकन पत्रों की जांच अपराह्न 1 से 2 बजे तक तथा नाम वापसी अपराह्न 2 से 2.30 बजे तक होगी जबकि मतदान शाम को 3 बजे से लेकर शाम को 4 बजे तक होगा। इसके बाद शाम 4 बजे से मतगणना शुरू होगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। निर्वाचित प्रत्याशियों को शपथ दिलाने के साथ प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे।इस अवसर पर प्रो. ललित तिवारी, प्रो.हरीश चंद्र सिंह बिष्ट, डॉ. कुबेर गिनती, डॉ. नवीन पांडे, डॉ. गगनदीप होती, डॉ. हृदेश कुमार तथा नन्दाबलभ पालीवाल उपस्थित रहे।




**चुनाव**
- कल महिला अध्ययन केन्द्र हरमिटेज भवन नैनीताल में संपन्न होंगे चुनाव

## कुविवि के गुरुजनों की समस्याओं का जल्द समाधान करें सीएम व उच्च शिक्षा मंत्रीःप्रो.तिवारी

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ (कूटा) ने सूबे के मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को ज्ञापन भेजकर प्राध्यापकों की लॅबित सभी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने की विशेष गुजारिश की है।

कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी ने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे संविदा प्राध्यापक का वेतन यूजीसी नियमानुसार 57 हजार 700 रुपया00 किया जाय तथा इस संदर्भ में शीघ्र शासनादेश जारी किया जाय । कहा मामले में यूजीसी के कई वर्ष पूर्व आदेश जारी किया है जो सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों द्वारा लागू किया जा चुका है तथा हरियाणा सरकार द्वारा भी लागू किया जा चुका है तथा जम्मू एवं कश्मीर में भी लागू है । कहा कि कूटा लंबे समय से मांग करती आ रही है कि इस मांग पर शीघ्र समुचित निर्णय कर आदेश जारी किया जाए।

**नोट**
समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## कर्तव्य बोध

*प्रधानमंत्री मोदी ने बार-बार सांसदों को कर्तव्य बोध कराते हुए सुझाव दिया कि मतदाताओं के साथ सम्पर्क बनाये रखने के लिए निर्वाचन क्षेत्र में मीटिंग करके समस्याओं को सुनें और मौके पर ही समाधान करायें। सरकार की योजनाओं से हो रहे कार्यों का निरीक्षण करें। सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में बतायें। सांसदों को जनता, विशेष रूप से ग्रामीण लोगों से जुड़ने की अत्यंत आवश्यकता है। सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी के अभाव में कई परिवार कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार कहते रहे हैं कि संसद सदस्य जनता से सदैव सम्पर्क बनाये रखें। प्रधानमंत्री ने सांसदों को कर्तव्य बोध कराते हुए सुझाव दिया कि मतदाताओं के साथ सम्पर्क बनाये रखने के लिए निर्वाचन क्षेत्र में मीटिंग करके समस्याओं को सुनें और मौके पर ही समाधान करायें। सरकार की योजनाओं से हो रहे कार्यों का निरीक्षण करें। सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में बतायें। सांसदों को जनता, विशेष रूप से ग्रामीण लोगों से जुड़ने की अत्यंत आवश्यकता है। सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी के अभाव में कई परिवार कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाकर योजनाओं के सुचारू कार्यान्वयन की निगरानी करें। सांसदों की जिम्मेदारी है कि वह जरूरतमंदों तक मदद को सुनिश्चित करें। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित कर भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने लोकसभा चुनाव में विजयी होकर सरकार बनाई थी। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे और जनहित में किये गये फैसलों से अकेले भाजपा को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ। इसके बाद भाजपा के अधिकतर सांसदों ने जनता से सम्पर्क करना कम कर दिया। सांसदों को गलतफहमी हो गई कि मोदी के चेहरे पर चुनाव जीत जायेंगे। सांसदों ने हाईकमान में विराजमान अपने आकाओं की परिक्रमा और चाटुकारिता करके सिर्फ और सिर्फ चुनाव में टिकट की जुगाड़ पर ध्यान दिया। जनता से दूरी के कारण वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से वंचित रह गई, हालांकि सहयोगी दलों की मदद से बहुमत साबित करके सरकार बना ली। भाजपा की सीटें कम होने से विपक्षी गठबंधन के हौसले बुलंद हैं। विपक्ष का कहना है कि मोदी के चेहरे पर आने वाले समय में चुनाव जीतना कठिन हो जायेगा। सच यह है कि सिर्फ लोकसभा ही नहीं राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को मोदी के चेहरे पर ही जीत की उम्मीद रहती है। प्रधानमंत्री मोदी को लेशमात्र भी भ्रम नहीं है, वह सांसदों और विधायकों से अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर काम करने का आह्वान करते हैं। यह बात सही है कि चुनाव किसी नेता के चेहरे पर नहीं, बल्कि कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि के जनसम्पर्क पर जीते जाते हैं। जनप्रतिनिधि जनहित को प्राथमिकता देंगे तो मतदाता चुनाव में पुनः उन्हें चुनेंगे।

# जिले के 22 मोटर मार्गों में यातायात पूरी तरह से रुक गया



**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले में बीते 48 घंटों से लगातार हो रही बारिश की वजह से सबसे अधिक मार सड़कों पर पड़ी है। बारिश की वजह से जगह-जगह पर होने वाले भूस्खलन की वजह से वर्तमान में जिले के 22 मोटर मार्गों में यातायात पूरी तरह से रुक गया है हालाँकि लोनिवि की ओर से मार्गों को खोलने की पूरी कोशिश की जा रही है अलबत्ता तेज बारिश इसमें फिर से बाधक बनती जा रही है।

नैनीताल स्थित जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक गर्जिया-बेतालघाट-खैरना, रामनगर-भंडारपानी, बेतालघाट-तोराड़, लक्ष्मीखान-प्यूड़ा कवारब, पतोड़ी-जोशीखोला, खुटानी-धानाचूली, भुजान-बेतालघाट, छड़ा-बेघरनाला, लोहाली-धुवा बलाक, ओखलकांडा तल्ला-कनाला, फतेहपुर-बेल, हरतपा-हली, अंबेडकर ग्राम-रिखोली, बेतालघाट-रापा, रातीघाट-बुदलाकोट, मंगोली-थापला, बजून-अधौड़ा, चमडिया-लोहाली, कसियालेख-बूढ़ीबाना, छेड़ीखान-अमजड़, पतलोट-पश्यागांव, देवली-महतोली मोटर मार्ग यातायात के लिए बंद हो गए हैं।

## नैनीताल में बारिश से जन जीवन प्रभावित, पर्यटकों की भी फजीहत

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल में बीते दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन काफी हद तक प्रभावित हो गया है।

बारिश की वजह से नैनीताल-हल्द्वानी, नैनीताल-भवाली तथा नैनीताल- कालाढूंगी मोटर मार्गों में दिनभर में भूस्खलन होने से यातायात बाधित होता रहा अलबत्ता समाचार लिखे जाने तक तीनों मोटर मार्गों पर यातायात सुचारु बना है। नैनी झील भी बारिश से लबालब होने से पानी की निकासी जारी है। बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है, बारिश के बाद नैनीताल में ठंड बढ़ गई है, फिलहाल शहर का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। लगातार बारिश और तेज हवाओं के चलते जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। मौसम को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। दिनभर में 55 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गयी है। बारिश की वजह से मोटर मार्गो के बंद होते रहने की वजह से नैनीताल में दूध भी सुबह 5 बजे के बजाय 10 बजे पहुंचा,वहीं सनवाल स्कूल के समीप एक पेड़ गिर गया बाद में उसे हटाया गया।



## राज्य स्तरीय तैराकी में सर्वोदय ने जीता स्वर्ण पदक

**खटीमा।** शहीद हरि किशन शिक्षण संस्थान अशोक फार्म के 12वीं के छात्र सर्वोदय ने राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इंदिरा गांधी स्टेडियम गौलापार स्थित तरण ताल में शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में सर्वोदय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम TIKAM SINGH से बदलकर TEEKAM SINGH CHUPHAL रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे TEEKAM SINGH CHUPHAL S/O BHAGWAN SINGH नाम से जाना, पहचाना जाये। - **टीकम सिंह चुफाल पुत्र भगवान सिंह, वार्ड नं. 54- कृष्णा विहार कलौनी, सैन्ट लॉरेंस स्कूल के सामने, डहरिया, हल्द्वानी, ( नैनीताल )**

# सब्जी के रिक्शे को धक्का दे रहा था 13 साल का कपिल, तेज रफ्तार बाइक ने कुचल दिया!

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

रात का वक्त था... सब्जी बेचकर पिता घर लौट रहा था और 13 साल का कपिल पीछे से रिक्शे को धक्का दे रहा था। घर पहुंचने से पहले ही तेज रफ्तार बाइक ने परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। मधूलिका विहार के पास बाइक ने पीछे से कपिल को ऐसी टक्कर मारी कि वह रिक्शे से जा टकराया और सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में उसके हाथ में गंभीर चोट आई और पेट की आंतें तक बाहर निकल आईं। अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ते-लड़ते अगले ही दिन मासूम ने दम तोड़ दिया।

**घटना**

- टक्कर के बाद पेट की आंतें बाहर निकलीं, इलाज के दौरान मौत

लोहरियासाल मल्ला ऊंचापुल निवासी हरिशंकर मौर्या ने मुखानी थाने में दी तहरीर में बताया कि 24 सितंबर की रात वह कठघरिया के साप्ताहिक सब्जी बाजार से सब्जी बेचकर अपने 13 वर्षीय बेटे कपिल मौर्या के साथ घर लौट रहा था। करीब साढ़े दस से 11 बजे के बीच मधूलिका विहार के पास वह सब्जी का रिक्शा चला रहा था, जबकि कपिल पीछे से रिक्शे को धक्का दे रहा था। इसी दौरान कठघरिया की ओर से हल्द्वानी जा रही बाइक यूके-04 एएस-6322 ने कथित तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही से कपिल को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कपिल रिक्शे से टकराकर सड़क पर जा गिरा। उसके हाथ में गंभीर चोट आई और पेट की हालत देखकर मौके पर मौजूद लोगों के होश उड़ गए।

**पिता भी सड़क पर गिरा, कमर में गंभीर चोटः** हादसे में पिता हरिशंकर भी सड़क पर गिर पड़ा और उसकी कमर में गंभीर चोट आई। तहरीर के मुताबिक, वह उठने-बैठने की स्थिति में नहीं था। आगे चल रहे दूसरे सब्जी ठेले के संचालक के भी घायल होने की बात कही गई है।

### अस्पताल में जिंदगी की जंग हारा मासूम

हादसे के बाद कपिल को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के चलते बीते शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

बेटे की मौत के बाद पिता ने रविवार को मुखानी थाने में तहरीर देकर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर बाइक चालक की तलाश में जुट गई।

# फिल्मी दुनिया

## मनीष मल्होत्रा का शो आलिया–विक्की कौशल ने लूटी महफिल



*मुंबई में मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा का खास मिजवान वेलफेयर फैशन शो आयोजित हुआ। यहां कई सेलेब्स ने शिरकत की। विक्की कौशल और आलिया भट्ट ने साथ में रैंप वॉक कर महफिल लूट ली।*

*मनीष मल्होत्रा के शो में कई नामी सितारे शामिल हुए। कल 26 सितंबर को मुंबई के ताज लैंड्स एंड में यह भव्य इवेंट आयोजित हुआ। विक्की कौशल और आलिया भट्ट ने रैंप वॉक की। वे इस खास शो में शोस्टॉपर बने। उनके अलावा माधुरी दीक्षित और शबाना आजमी भी पहुंचीं। मनीष मल्होत्रा के शो में कई नामी सितारे शामिल हुए। कल 26 सितंबर को मुंबई के ताज लैंड्स एंड में यह भव्य इवेंट आयोजित हुआ। विक्की कौशल और आलिया भट्ट ने रैंप वॉक की। वे इस खास शो में शोस्टॉपर बने। उनके अलावा माधुरी दीक्षित और शबाना आजमी भी पहुंचीं। आलिया और विक्की ने मनीष मल्होत्रा के डिजाइन किए आउटफिट पहने। दोनों शाही अंदाज में नजर आए। आलिया भट्ट आइवरी और सिल्वर टोन का लहंगा पहने रैंप पर आईं। उन्होंने डायमंड चोकर और ईयररिंग्स से अपना लुक कंपलीट किया। वहीं, विक्की कौशल ने ब्लू और व्हाइट-कॉबाल्ट ब्लू टोन की शेरवानी पहनी थी।*

### माधुरी ने लगाए चार चांद

*मिजवान के 15 साल पूरे होने के जश्न में माधुरी दीक्षित भी पहुंचीं। उन्होंने अपने पति श्रीराम नेने के साथ आयोजन में शिरकत की। साड़ी में धक-धक गर्ल बेहद खूबसूरत लगीं। दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी को भी मनीष मल्होत्रा के शो में देखा गया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। आयोजन में आने वालों का शबाना आजमी ने स्वागत किया और शुक्रिया भी अदा किया।*

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला फूंका

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

रुद्रपुर में सोमवार को कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकाली और डीडी चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। रैली में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य समेत कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। पुतला दहन के बाद सभी कांग्रेसी कलक्ट्रेट पहुंचे। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है और केंद्र सरकार के इशारे पर चल रहा है। इसी के विरोध में पूरे प्रदेश में कांग्रेस ने पुतला दहन कार्यक्रम किया। रुद्रपुर में प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की और लोकतंत्र बचाने की मांग उठाई।



News कॉर्नर

## बैंक्वेट हॉल के गल्ले तोड़कर नकदी उड़ाई, तीन एसी आउटर भी ले गए, दो गिरफ्तार



**हल्द्वानी।** शनि बाजार रोड पर बैंक्वेट हॉल के गल्ले तोड़कर नकदी और एसी आउटर चोरी करने वाले दो आरोपियों को बनभूलपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के एसी आउटर और हजारों रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, 20 सितंबर को किदवई नगर निवासी मो. अमान ने शिकायत दी थी कि रेलवे फाटक के पास स्थित हुसैनी बैंक्वेट हॉल के दोनों गल्ले तोड़कर करीब 80 हजार से एक लाख रुपये चोरी कर लिए गए। पीछे स्थित मैरिज हॉल से तीन एसी के आउटर भी गायब थे। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने सुरागरसी-पतारसी के बाद बीती देर रात गोला बायपास रोड स्थित हिमालयन स्कूल के सामने पुलिया के नीचे से मौ. तौफीक और मौ. मुस्तफा को दबोच लिया। आरोपियों के पास से तीन इन्वर्टर एसी आउटर और 15,600 रुपये बरामद हुए। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक दिनेश चन्द्र फर्त्याल के नेतृत्व में की गई। टीम में एसआई मनोज कुमार यादव, एएसआई पुष्कर आर्या, कांस्टेबल सुनील कुमार और दिलशाद अहमद शामिल रहे।

# सपा के नए सेनापति की एंट्री, समर्थकों ने दिखाया दम!

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

समाजवादी पार्टी के उत्तराखंड संगठन की कमान संभालने के बाद नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी की हल्द्वानी में एंट्री शक्ति प्रदर्शन में बदल गई। लखनऊ से लौटे सिद्दीकी के स्वागत के लिए नवीन मंडी में सैकड़ों कार्यकर्ता जुटे। उनके पहुंचते ही फूल-मालाओं से स्वागत का सिलसिला शुरू हो गया। इसके बाद समर्थकों का काफिला नारेबाजी करते हुए ला.नं. 17, आजाद नगर स्थित उनके आवास तक पहुंचा, जहां स्थानीय लोगों ने भी उनका स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश परिहार एडवोकेट ने कहा कि राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संगठन के संघर्षशील कार्यकर्ता को प्रदेश की जिम्मेदारी देकर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा पैदा की है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने कहा कि उत्तराखंड में आम जनता के मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी सक्रिय भूमिका में नजर आएगी। संगठन को मजबूत करने के लिए जल्द दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे और प्रदेश में संगठन का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस को यह अहसास कराया जाएगा कि उत्तराखंड की राजनीति में समाजवादी पार्टी भी एक राजनीतिक शक्ति है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार रणनीति तय की जाएगी।



### काफिले ने दिखाया कार्यकर्ताओं का उत्साह

नवीन मंडी से आजाद नगर तक निकले वाहनों के काफिले में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। रास्ते भर नारेबाजी और स्वागत के बीच सपा कार्यकर्ताओं ने नए प्रदेश अध्यक्ष के प्रति समर्थन जताया। कार्यक्रम में सपा नैनीताल के पूर्व जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह, मुन्ना फरहान, जावेद सिद्दीकी, उत्तराखंड छात्र सभा प्रदेश अध्यक्ष ओशियन यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड सेकुलर संगठन हरपाल शर्मा, अरशद अय्यूब, जाहिद काका, विक्की लॉन, इमाम मिकरानी, संजय गुप्ता, अर्जुन राहौर, असलम कुरैशी, अरशद जमाल अंसारी, उस्मान अंसारी, ईशा, अहाद, उमैर मतीन, राजू सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छात्रसंघ चुनाव के दिन शहर में रहेगा जाम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

छात्रसंघ चुनाव को लेकर मंगलवार को हल्द्वानी की सड़कों पर ट्रैफिक का पूरा गणित बदल जाएगा। मतदान और मतगणना के दौरान शहर के कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही रोककर डायवर्जन लागू किया जाएगा। नैनीताल रोड पर माल वाहनों समेत कई श्रेणी के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, जबकि शहर में आने-जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से होकर गुजरना पड़ेगा। यातायात प्लान सुबह छह बजे से मतगणना समाप्त होने तक प्रभावी रहेगा।

रामपुर रोड से आने वाले वाहनों को गन्ना सेंटर तिराहा से डायवर्ट किया जाएगा। ये वाहन बरेली रोड, तीनपानी फ्लाईओवर, गोलापार रोड और नारिमन तिराहा होते हुए आगे जाएंगे। कालाढूंगी रोड की ओर जाने वाले वाहनों को पंचायतघर तिराहा से आरटीओ रोड की ओर मोड़ा जाएगा।

**पहाड़ से आने वाली बसों का भी बदलेगा रास्ता:** पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले मैदानी क्षेत्र की ओर जाने वाले वाहन नारिमन तिराहा से गोलापार रोड होकर आगे जाएंगे। वहीं पहाड़ से हल्द्वानी आने वाली रोडवेज और केमू बसें नारिमन तिराहा से गोलापार रोड, इंद्रानगर गेट, शनि बाजार रोड, मंडी और सिंधी चौराहा होते हुए रोडवेज/केमू स्टेशन पहुंचेंगी।

रोडवेज और केमू स्टेशन से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाली बसें पूर्वी गेट से ताज चौराहा, गोलापुल, गोलापार रोड और नारिमन तिराहा होते हुए पर्वतीय क्षेत्रों की ओर रवाना होंगी।

**काठगोदाम से आने वालों को भी लेना होगा वैकल्पिक रास्ता:** काठगोदाम क्षेत्र से हल्द्वानी की ओर आने वाले वाहन कॉलटैक्स/हाइडिल तिराहा से पनचक्की तिराहा, चंबल पुल, लालडांठ तिराहा और ऊंचापुल चौराहा होते हुए आगे जाएंगे। वहीं आवास विकास तिराहा से आने वाले वाहनों को ठंडी सड़क और तिकोनिया चौराहे की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

हल्द्वानी से काठगोदाम जाने वाले वाहनों के लिए तिकोनिया चौराहा से कैनाल रोड, कुल्यालपुरा चौराहा, पानी की टंकी और पनचक्की चौराहा होकर जाने की व्यवस्था की गई है।

**अफसरों और पत्रकारों के वाहन एमबी इंटर कॉलेज में:** चुनाव और मतगणना ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों तथा पत्रकारों के वाहनों की पार्किंग एमबी इंटर कॉलेज ग्राउंड में होगी।

### नैनीताल रोड पर भारी वाहनों की नो-एंट्री

चुनाव और मतगणना के दौरान छोटे-बड़े मालवाहक वाहन तथा संबंधित प्रतिबंधित श्रेणी के वाहन नैनीताल रोड पर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इन्हें बाईपास मार्गों का इस्तेमाल करना होगा। बरेली रोड से आने और पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले वाहन तीनपानी फ्लाईओवर से गोलापार रोड होते हुए नारिमन तिराहा से अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।

### इन इलाकों में रहेगा जीरो जोन

इन सभी स्थानों पर बैरियर लगाकर यातायात नियंत्रित किया जाएगा। डायवर्जन प्लान 29 सितंबर को सुबह छह बजे से मतगणना समाप्त होने तक लागू रहेगा।



# छात्रसंघ चुनाव से पहले खाकी का शिकंजा!

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

छात्रसंघ चुनाव की सरगर्मी के बीच एमबीपीजी कॉलेज पुलिस के कड़े पहरे में आ गया है। मंगलवार को मतदान और मतगणना से पहले एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चंद्र ने सभागार में चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया। साफ निर्देश दिए गए कि लिंगदोह कमेटी के नियमों का शत-प्रतिशत पालन कराया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

मुख्य चौराहों, बैरियरों और प्रवेश द्वारों पर तैनात पुलिसकर्मियों को अलर्ट रहने, प्रभावी चेकिंग-फिस्किंग और ड्रोन से निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। मोबाइल टीमें लगातार गश्त करेंगी, जबकि जीरो जोन में छात्रों के वाहनों की एंट्री पूरी तरह रोकने को कहा गया है। कॉलेज के भीतर-बाहर अनावश्यक भीड़ जमा नहीं होने दी जाएगी। अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और जरूरत पड़ने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मतगणना केंद्र पर तैनात जवानों को विवाद की स्थिति पैदा होने से पहले ही नियंत्रण के निर्देश दिए गए हैं। चुनाव के लिए 6 जीओ, 9 इंस्पेक्टर, 10 एसओ/एसएसआई, 37 एसआई, 16 एलएसआई, 30 एएसआई, 33 हेड कांस्टेबल, 77 कांस्टेबल और 34 महिला कांस्टेबल समेत एंटी-रायट, टियर गैस, दो फायर यूनिट और आईआरबी/पीएसी की कंपनी तैनात की गई है।

# नैनीताल में अभाविप के गूंज फेस्ट ने बांधा समा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सहयोग से छात्रसंघ अध्यक्ष करण सती द्वारा नैनीताल के राज्य अतिथि गृह में गूंज फेस्ट-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या मुखय अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ संस्कृति और रचनात्मकता से जुडने का अवसर प्रदान करते हैं।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां समेत संगीत एवं मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी एवं सममान प्रदान किए गए। इस विशेष मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष करण सती ने कहा कि गूंज फेस्ट का मकसद छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए एक बेहतर मंच मुहैया कराना है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी छात्र-छात्राओं,अभाविप के कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में बडी संखया में छात्र.छात्राएं एवं परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान नैनीताल के राज्य अतिथि गृह में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।



## पंतनगर विवि में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन आयोजित

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ (ई-सेल) ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के आंतरिक चरण का आयोजन किया। 26-27 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में विवि की 62 टीमों के कुल 372 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक टीम में छह विद्यार्थी शामिल रहे। कुलपति डॉ. एसके कश्यप के मार्गदर्शन में संपन्न कार्यक्रम में प्रतिभागी टीमों ने विभिन्न समस्या विवरणों पर कार्य करते हुए वास्तविक जीवन की चुनौतियों के समाधान के लिए तकनीक आधारित समाधान विकसित किए।

# गोला किनारे जुए की महफिल पर खाकी का छापा!

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गौला नदी किनारे झुंड बनाकर सजाई गई जुए की महफिल पर बनभूलपुरा पुलिस ने अचानक धावा बोल दिया। पुलिस की आहट पड़ते ही जुआ खेलने वालों में भगदड़ मच गई और कई लोग मौके से भाग निकले। हालांकि, चार लोग पुलिस की घेराबंदी में फंस गए। तलाशी में पुलिस ने मौके से 10,350 रुपये की नकदी,ताश की गड्डी और सट्टा/बुक चार्ट बरामद किया। पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान गोला नदी के पास कुछ लोग झुंड बनाकर बैठे दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही सभी इधर-उधर भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर चार लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गोल्डी राय,विनित बाल्मिकी, हरीश कश्यप,और विकास कश्यप, निवासी राजपुरा व राजेंद्र नगर, के रूप में हुई। पुलिस की पूछताछ में गोल्डी राय और विनित बाल्मिकी ने कथित तौर पर बताया कि वे 'बुक' चलाते हैं और अन्य लोग वहां जुआ खेलने आते हैं। पुलिस को आता देखकर बाकी लोग भाग गए और मौके पर रुपये, ताश और बुक छोड़ गए। दोनों के अनुसार, वे रुपये उठाने के चक्कर में मौके पर ही पकड़े गए। पुलिस की पूछताछ में विनित और विकास ने बताया कि 10 रुपये लगाने पर 90 रुपये और 100 रुपये लगाने पर 900 रुपये दिए जाने का खेल चल रहा था।

# मलुवाताल में बच्चे की मौत के बाद स्वास्थ्य महकमा एक्टिव मोड में

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विकास खंड के तहत ग्राम पंचायत मलुवाताल में बीते दिनों डायरिया से पीड़ित 12 वर्षीय बच्चे भाष्कर सिंह गंगोला की हुई मौत के बाद जिले का स्वास्थ्य महकमा एक्टिव मोड में आ गया है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ डा.रश्मि पंत ने एएनएम और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए साथ ही स्वास्थ्य महकमे की टीम ने रविवार को डायरिया से हुई मौत के संबंध में बच्चे के घर जाकर उसके परिजनों से मुलाकात की। परिजनों ने बताया कि इससे पूर्व गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था लेकिन व्यस्तता के कारण वे बच्चे को स्वास्थ्य शिविर में जांच के लिए नहीं ला सके। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मलुवा ताल में 45 लोगों की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई तथा ओआरएस, जिंक और आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया साथ ही बलड प्रेशर और बलड शुगर की जांच भी की गई वहीं अब चिकित्सकों की टीम भी मलुवाताल पहुंचकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी और जरूरत के अनुसार उपचार एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएगी।लगातार हो रही बारिश को देखते हुए सीएमओ डा.पंत ने आमजन से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण बहकर आई गंदगी के दोबारा पेयजल स्रोतों में पहुंचने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में लोगों को पानी उबालकर अथवा सुरक्षित पेयजल का ही सेवन करने, ताजा व सुपाच्य एवं हल्का भोजन लेने और व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है। वहीं दूसरी ओर ज्योलीकोट व आस पास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य महकमे की टीम का लोगों का उपचार संबंधी कार्यक्रम जारी रहा।

